# NCERT SOLUTIONS

## CLASS - 9th



aglasem.com

Class : 9th

Subject : हिंदी

Chapter : 12

Chapter Name : क़ैदी और कोकिला

Q1 कोयल की कूक सुनकर कवि की क्या प्रतिक्रिया थी ?

Answer.आधी रात में कोयल की कूक सुनकर कवि असहज हो उठा। कवि के मन में यह प्रश्न उठा कि कोयल इतनी रात को क्यों बोल रही थी! वह इसके पीछे का कारण जानने को व्याकुल हो उठा।कवि को लगा कि कोयल उसके लिए कोई संदेश लेकर आई है या फिर उसने कहीं क्रांति की लपटें देख ली है जिसके बारे में वह दूसरों को बता चाह रही थी।

Page : 110 , Block Name : प्रश्न अभ्यास

Q2 कवि ने कोकिल के बोलने के किन कारणों की संभावना बताई ?

Answer.कवि ने अनुसार कोयल कई कारणों से बोल रही थी उदाहरणार्थ; कोयल या तो कवि तक कोई संदेशा पहुंचाना चाहती थी या तो उसने कहीं क्रांति की लपटें देखी थीं जिसके विषय में वह सबको अवगत कराना चाहती थी। इसके अलावा कोयल क्रांतिकारियों के दुख पर मरहम लगाना चाहती थी जिसके लिए वह अपने मधुर स्वर में कूक रही थी।

Page : 110 , Block Name : प्रश्न अभ्यास

Q3 किस शासन की तुलना तम के प्रभाव से की गई है और क्यों ?

Answer. अंग्रेजी शासक भारत के देशवासियों पर अनेक प्रकार के अत्याचार कर रहे थे। वह उनके साथ शोषण कर रहे थे। भारत वासियों की आवाज दबाई जा रही थी। जो उनके खिलाफ आवाज उठाता था या आजादी की मांग करता था उसे जेल की सजा दे दी जाती थी तथा उन्हें कई प्रकार के कष्टों को सहन करना पड़ता था।

Page : 110 , Block Name : प्रश्न अभ्यास

Q4 कविता के आधार पर पराधीन भारत की जेलों में दी जाने वाली यंत्रणाओं का वर्णन कीजिए।

Answer.पराधीन भारत में कैदियों को शोषित किया जाता था। उनके ऊपर नाना प्रकार के अत्याचार किए जाते थे।उनको ना तो अच्छा खाना मिलता था और ना ही रहने के लिए साफ सुथरी जगह! कैदियों का अपमान किया जाता था। जो राजनैतिक बंदी होते थे उन्हें भी चोरों तथा लुटेरों के साथ काली कोठरी में

aglasem.com

बंद कर दिया जाता था। उनका भोजन इतना कम होता था कि उनका पेट नहीं भरता था और उनसे अत्यधिक कार्य करवाया जाता था। उन्हें हथकड़ियों में बांधकर सलाखों के पीछे रखा जाता था। कोल्हू चलाने के बावजूद भी उन्हें भरपेट भोजन नहीं दिया जाता था।

Page : 110 , Block Name : प्रश्न अभ्यास

Q5 भाव स्पष्ट कीजिए।

(क) मृदुल वैभव की रखवाली-सी, कोकिल बोलो तो!

(ख) हूँ मोट खींचता लगा पेट पर जुआ, खाली करता हूँ ब्रिटिश अकड़ का कुँआ।

उत्तर-

(क) प्रस्तुत पंक्ति में कवि ने कोयल के स्वर को अत्यंत मधुर और मृदुल बताया है। अंग्रेजों के आने के पहले भारत को एक वैभवशाली देश माना जाता था। जब अंग्रेज आए उसके बाद भारत की दुर्दशा हो गई। अंग्रेजी अत्याचार पूर्ण शासन के बाद भी यह वैभव शेष था कवि के अनुसार कोयल भी उसी मधुर वैभव की रखवाली कर रही है। वह जेल के आस-पास अपनी मृदुल वैभव को क्यों लूटा रही है? कोयल कुछ तो बताओ।

(ख) प्रस्तुत पंक्तियों में कवि ने कैदियों के स्वाभिमान का वर्णन किया है। स्वाधीनता सेनानियों को जेल में बहुत अपमान सहन करना पड़ता था उनके साथ कई प्रकार के दुराचार होते थे। स्वाधीनता सेनानियों को जेल में अनेक भीषण यातनाओं को सहना पड़ता था। स्वाधीनता सेनानियों से पशुओं की भांति काम लिया जाता था यह मानकर की इतना परिश्रम करवाने के बाद भी अपना स्वाभिमान तथा देश के प्रति अभिमान भूल जाएंगे  परंतु स्वाधीनता सेनानी इन कार्यों को खुशी-खुशी करके ब्रिटिश सरकार का घमंड चूर चूर कर रहे थे।

aglasem.com

Page : 110 , Block Name : प्रश्न अभ्यास

Q6 अद्धरात्रि में कोयल की चीख से कवि को क्या अंदेशा होते है ?

Answer. अर्ध रात्रि में कोयल की चीख सुनकर कभी कोई संदेशा है कि कोयल ने कैदियों पर ढाई जाने वाले अत्याचारों को देख लिया है और वह उनको देखकर द्रवित हो गई है अतः कोयल दुख के मारे अर्ध रात्रि में अपना दुख चीख चीख कर व्यक्त कर रही है।

Page : 110 , Block Name : प्रश्न अभ्यास

Q7 कवि को कोयल से ईर्ष्या क्यों हो रही है ?

Answer.कवि को कोयल से ईर्ष्या इसलिए हो रही है क्योंकि कोयल स्वतंत्र है तथा खुले आकाश में उड़ रही है दूसरी तरफ कवि काल कोठरी में बंद है।  कोयल पेड़ की हरी-भरी शाखाओं पर अपने घोंसले बनाए हुए हैं और कवि जेल की अंधकार में कैद है कोयल के गीत सुनकर लोग प्रसन्न होते हैं तथा उसकी

वाहवाही करते हैं जबकि कैदी  का रोना भी गुनाह है इन सब कारणों के चलते कवि को कोयल से ईर्ष्या हो रही है।

Page : 110 , Block Name : प्रश्न अभ्यास

Q8 कवि के स्मृति-पटल पर कोयल के गीतों की कौन सी मधुर स्मृतियाँ अंकित हैं, जिन्हें वह अब नष्ट करने पर तुली है ?

Answer.कवि के स्मृति पटल पर कोयल के गीतों की कई मधुर स्मृतियां अंकित है जिन्हें अब वह नष्ट करने पर तुली है। जैसे:-  सुबह जब ओस की बूंदे घास पर सूरज की किरणों से रोशन होती थी तब कोयल गीत सुनाती थी, जब तेज हवा के झोंके चलते थे तब कोयल उन हवाओं के बीच गाना गाती थी। हरि डाली पर बैठकर अपनी मधुर आवाज से पूरे सृष्टि को अलंकृत करती थी।

Page : 110 , Block Name : प्रश्न अभ्यास

Q9 हथकड़ियों को गहना क्यों कहा गया है ?

Answer. हथकड़ियों को गहना इसलिए कहा गया है क्योंकि कवि के अनुसार हथकड़ियां उनके लिए बंधन नहीं है। कवि और उनके साथ ही स्वतंत्रता सेनानी हैं और वह अपने देश की स्वतंत्रता के लिए आवाज उठाने के कारण बंदी बनाए गए हैं। अपनी मातृभूमि की स्वतंत्रता के लिए आवाज उठाना कोई जुर्म नहीं है इसलिए उन्हें बंधन ना होकर गहना हो गई हैं।

Page : 110 , Block Name : प्रश्न अभ्यास

Q10 'कलि तू .....ऐ आली!' - इन पंक्तियों में 'काली' शब्द की आवृत्ति से उत्पन्न चमत्कार का विवेचन कीजिए।

Answer. प्रस्तुत पंक्तियों में कली शब्द का प्रयोग अनेक अर्थों में हुआ है अतः यह यमक अलंकार का उत्कर्ष है। यहां पर काली शब्द के विभिन्न अर्थों का प्रयोग किया गया है। यहां पर काले को काले रंग अन्याय तथा भयानक के विभिन्न अर्थों में प्रकट किया गया है। कवि बार-बार काली शब्द की आवृत्ति करके यह दर्शाना चाहता है कि अंग्रेजी सरकार के शासन में सब कुछ काला और निराशा को दर्शाता है।

Page : 110 , Block Name : प्रश्न अभ्यास

Q11 काव्य - सौंदर्य स्पष्ट कीजिए -

(क) किस दानावल की ज्वालाएँ हैं दीखीं ?

(ख) तेरे गीत कहावें वाह, रोना भी है मुझे गुनाह!

देख विषमता तेरी - मेरी बजा रही तिस पर रणभेरी!

aglasem.com

Answer.

(क) प्रस्तुत पंक्तियों में कोयल की आवाज को सुनकर कवि उससे प्रश्न कर रहा है कि उसकी इस वेदनापूर्ण आवाज का कारण क्या है? इन पंक्तियों में अनुप्रास अलंकार है, खड़ी बोली तथा भाषा तत्सम है, काव्य पंक्ति प्रश्न शैली में है।

(ख) प्रस्तुत काव्य पंक्तियों में कवि और कोयल के जीवन के बीच का अंतर स्पष्ट हुआ है।कोयल के गीतों को लोग वाह-वाह कर कर सुनते हैं जबकि कवि को रोने तक का अधिकार नहीं है। कवि ने तुकबंदी का प्रयोग किया है, भाषा सरल तथा सहज है।

Page : 111 , Block Name : प्रश्न अभ्यास

Q12 कवि जेल के आसपास अन्य पक्षियों का चहकना भी सुनता होगा लेकिन उसने कोकिला की ही बात क्यों की है ?

Answer.कवि जेल के आसपास अन्य पक्षियों का चहकना भी सुनता होगा लेकिन उसने कोकिला की ही बात इसलिए की है क्योंकि कवि उसकी मधुर स्वर से झंकृत हो उठा है। कोकिला की आवाज उस को छू गई है इसलिए उसने कोकिल से ही बात की।

Page : 111 , Block Name : रचना और अभिव्यक्ति

Q13 आपके विचार से स्वतंत्रता सेनानियों और अपराधियों के साथ एक-सा व्यवहार क्यों किया जाता होगा ?

Answer. पराधीन भारत में अंग्रेजों का शासन था भारतीय द्वारा स्वतंत्रता की मांग करने पर उन्हें जेल में बंद कर देते थे क्योंकि वह भारत पर हमेशा के लिए राज करना चाहते थे और वे भारतीयों से अपराधियों जैसा व्यवहार करते थे और उनकी स्वतंत्रता की मांग करने पर उन्हें बहुत बुरी तरह प्रताड़ित करते थे और उनकी स्वतंत्रता की मांग को दबा देना चाहते थे और स्वतंत्रता सेनानियों के मनोबल को तोड़ने के लिए वह हर संभव प्रयास करते थे।

Page : 111 , Block Name : रचना और अभिव्यक्ति

Q14 पराधीन भारत की कौन-कौन सी जेले मशहूर थी, उनमें स्वतंत्रता सेनानियों को किस-किस तरह की यातनाएं दी जाती थी? इस बारे में जानकारी प्राप्त कर जेलों की सूची एवं स्वतंत्रता सेनानियों के नामों को राष्ट्रीय पर्व पर भित्ति पत्रिका के रूप में प्रदर्शित करें।

Answer.छात्र स्वयं करें।

Page : 111 , Block Name : पाठेतर सक्रियता

Q15 स्वतंत्र भारत की जेलों में अपराधियों को सुधारक हृदय  परिवर्तन के लिए प्रेरित किया जाता है। पता लगाइए कि इस दिशा में कौन-कौन से कार्यक्रम चल रहे हैं?

aglasem.com

Answer.छात्र स्वयं पता करें।

Page : 111 , Block Name : पाठेतर सक्रियता

aglasem.com